बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
श्री अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

TWT
Truth Will Triumph

पत्र संख्या............................

पटना
दिनांक 30-9-2000

प्रेस विज्ञप्ति

============

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के द्वारा चलाये जा रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल का आज 34वां दिन है पर सरकार ने इसे समाप्त कराने का कोई सार्थक प्रयास अभी तक नहीं किया है । दि0 16-9-2000 को हुई वार्त्ता के क्रम में जो निदेश भी दिये गये थे उसका अनुपालन आज तक नहीं किया गया है । राज्य के सारे काम काज ठप हैं । सरकार और सरकारी तंत्र चुपचाप हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं और हड़ताल के अपने आप समाप्त होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं । संघ ने सरकार को स्पष्ट कर दिया है कि बगैर 29-3-99 के समझौते एवं 16-9-2000 को मुख्य मंत्री के द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन के हड़ताल समाप्त नहीं होने वाला है ।

सरकार की संवेदनशीलता बची रहे इसका प्रयास वरिष्ठ नौकरशाहों को करना है पर बिहार में सत्ता के करीब रहने वाले नौकरशाह अपने स्वार्थ पूर्ति के लिए सरकार को तरह-तरह का भुलावा देकर भ्रम में रखना चाहते हैं ताकि सरकार उलझन में रहे और उन नौकरशाहों की चाँदी कटती रहे । हमारे संघ के सदस्य सरकार के सुख-दु:ख में बराबर हिस्सेदारी निभाता रहा है पर सरकार ने हमें अपना हितैषी समझने के बजाय हमें दर किनार कर रखा है ।

सरकार को अपने सलाहकारों से यह पूछना चाहिए कि 29-3-99 के समझौते एवं 16-9-2000 को दिये गये आदेश का अनुपालन अबतक क्यों नहीं हुआ ? विशेष सचिव का पदनाम जो वर्षों से हमें प्राप्त था समाप्त करने की साजिश क्यों की जा रही है ? अपर सचिव का वेतनमान संयुक्त सचिव में क्यों मर्ज किया जा रहा है ? कनीय प्रवर कोटि की प्रोन्नति वर्षों से क्यों लम्बित है ? रिक्ति की तिथि से प्रोन्नति का लाभ संबंधी अधिसूचना क्यों नहीं निर्गत की गई ? बिहार लोक सेवा आयोग की अनुशंसा के बावजूद संयुक्त सचिव के पद पर प्रोन्नति अभी तक क्यों नहीं

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
श्री अर्जुन प्रसाद
श्री कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................

दी गई और 5 पद जिलाधिकारी के हमारे सदस्यों के लिए क्यों नहीं अधिसूचित किये गये जबकि गुजरात में किये गये पदस्थापन संबंधी सूचना मुख्य सचिव को उपलब्ध करा दिया गया है । उड़ीसा से सूचना प्राप्त कर सरकार को ऐसा करना था ।

सरकार को हम अगाह कर देना चाहते हैं कि आगे दशहरा का पूर्व है जो सरकार एवं जनता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है । हम चाहते हैं कि सरकार ऐसी स्थिति बनाये जिससे यह हड़ताल समाप्त हो सके और राज्य में खुशहाली तो लौटे ही आम जनता भी सुरक्षित रह सके । बाढ़ की विभीषिका से बचने के लिए, मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए भी, छात्र एवं अभिभावकों के लिए तथा राज्य के विकास के लिए भी हड़ताल को टूटना आवश्यक है, जिसकी पहल सरकार को करनी चाहिए । अगर यह हड़ताल न टूटा और किसी तरह की क्षति किसी की भी होती है तो इसके लिए सरकार दोषी होगी न कि हमारा संघ । क्योंकि सरकार एवं सरकारी तंत्र ने ही हमें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य किया है ।

हड़ताल शत प्रतिशत सफल है इसके लिए सभी सदस्यों को बधाई तथा सभी सदस्यों को सावधान किया जाता है कि वे हड़ताल के संबंध में हर प्रकार की अफवाहों से सावधान रहते हुए अपनी चट्टानी एकता बनाये रखें ।

गंगाधर दास 30.9.2000
§गंगाधर लाल दास§
महासचिव ।

30/9/2000
§वजीन्द्र नारायण सिंह§
अध्यक्ष

ज्ञापांक 186 / पटना, दिनांक 30 सितम्बर 2000

प्रतिलिपि- निदेशक, दूरदर्शन/आकाशवाणी/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी, एवं अंग्रेजी/ब्यूरो प्रमुख, यू॰एन॰आई॰/पी॰टी॰आई॰/ दी स्टेट्समैन प्रेस इंडिया पटना को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित ।

गंगाधर दास 30.9.2000
§गंगाधर लाल दास§